# Sample Paper
# Hindi

**Direction (1 - 10) Read the following passage and answer the given questions.**

हमारे देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था की पहली कड़ी परीक्षा तब हुई जब भाषा पर आधारित राज्यों का गठन हुआ। ऐसा इसलिये किया गया ताकि एक ही भाषा बोलने वाले लोग एक ही राज्य में रह सकें। कुछ राज्यों का गठन भाषा के आधार पर नहीं बल्कि भूगोल, जातीयता, संस्कृति, आदि के आधार पर हुआ; जैसे नागालैंड, उत्तराखंड और झारखंड। भारतीय संघ की दूसरी परीक्षा थी यहाँ की भाषा नीति। हमारे संविधान ने किसी भी भाषा को राष्ट्र भाषा का दर्जा नहीं दिया है। हिंदी को आधिकारिक भाषा के रूप में मान्यता मिली। लेकिन हिंदी केवल 40 % भारतीयों की मातृभाषा है। इसलिये दूसरी आाषाओं की रक्षा के लिये कई प्रावधान बनाये गये। हिंदी के अलावा, 21 अन्य आाषाओं को संविधान द्वारा अनुसूचित भाषा का दर्जा दिया गया है। आजादी के बाद के अधिकांश समय में हिंदी को गैर-हिंदी क्षेत्रों में थोपे जाने की कोशिश नही की गई।

केंद्र और राज्य के रिश्ते: केंद्र और राज्य के बीच के रिश्तों के पुनर्गठन से हमारी संघीय व्यवस्था को और बल मिला है। आजादी के बाद एक लंबे समय तक भारत के न्यादातर हिस्सों में केंद्र और राज्य में एक ही पारी की सरकार हुआ करती थी। उन दिनों भारत में कांबोस की मोनोपॉली चलती थी। इन दिनों में केंद्र सरकार अक्सर राज्य सरकार के अधिकारों की अवहेलना करती थी। राज्य सरकार द्वारा जरा-सी भी स्वयहिता दिखाने पर कई राज्यों पर राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया जाता था।

1989 के बाद से केंद्र में गठबंधन सरकार का दौर चला। इसके परिणामस्वरूप राज्य सरकार की स्वायतता के सम्मान और सता में साझेदारी की नई परिपाटी शुरु हुई। ऐसा कहा जा सकता है कि अब भारत में संधीय व्यवस्था कहीं अधिक प्रबल हुई है।

1991 की जनगणना के अनुसार भारत में 1500 अलग-अलग भाषाएँ हैं। इन भाषाओं को कुछ मुख्य भाषाओं के सम्ह में रखा गया है।

उदाहरण के लिये भोजपुरी, मगधी, बुंदेलखंडी, छतीसगढ़ी, राजस्थानी, भीली और कई अन्य भाषाओं को हिंदी के समूह में रखा गया है। विभिन्न भाषाओं के समूह बनाने के बाद भी भारत में 114 मुख्य भाषाएँ है। इनमें से 22 भाषाओं को संविधान के आठवें अनुच्छेद में अनुसूचित भाषाओं की लिस्ट में रखा गया है। अन्य भाषाओं को अ-अनुसूचित भाषा कहा जाता है।

उपर्युक्त गद्यांश को पढ़कर नीचे पूछे गए प्रश्न का उत्तर बताइए।

**Q1 जब एक दल की केंद्र में सरकार थी तो राज्य सरकारों के अधिकारों का क्या करती थी?**

(A) पालन
(B) अवहेलना
(C) मान-सम्मान
(D) हस्तक्षेप

**Q2 भारतीय संघ की दूसरी परीक्षा क्या थी?**

(A) राज्यपालों की नियुक्ति
(B) राज्यों का गठन
(C) भाषा-नीति
(D) राष्ट्रपति का निर्वाचन

**Q3 आज़ादी के बाद लंबे समय तक केंद्र और अधिकांश राज्यों में कितने दलों की सरकार चली?**

(A) एक (B) दो
(C) तीन (D) चार

**Q4 हमारे देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था की पहली कड़ी परीक्षा कब हुई?**

(A) संविधान लागू करते समय
(B) संविधान बनाते समय समय
(C) भाषावार राज्यों के गठन के समय
(D) निर्वाचन के समय

**Q5 हिंदी को किस तरह की भाषा के रूप में मान्यता मिली?**

(A) ज्ञानभाषा (B) राज्य भाषा
(C) राष्ट्रभाषा (D) आधिकारिक भाषा

**Q6 राज्य सरकार द्वारा जरा-सी स्वग्रहिता दिखाने पर राज्यों के साथ क्या होता था?**

(A) अनुदान में कटौती
(B) राष्ट्रपति शासन लागू
(C) समाधान में देरी
(D) प्रावधान में कमी

**Q7 भूगोल, जातीयता, संस्कृति, आदि के आधार पर इनमें से किन राज्यों का गठन हुआ?**

(A) केवल नागालैंड (B) केवल झारखंड
(C) केवल उत्तराखंड (D) उपर्युक्त सभी

**Q8 केंद्र और राज्य के बीच के रिश्तों के पुनर्गठन से संघीय व्यवस्था को और क्या मिला?**

(A) न्याय (B) बल
(C) प्रशासन (D) शासन

**Q9 हमारे संविधान ने किस भाषा को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिया है?**

(A) अँग्रेजी
(B) हिंदी
(C) तमिल
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Q10 हिंदी के अलावा कितनी अन्य भाषाओं को अनुसूचित भाषा का दर्जा दिया गया है?**

(A) 21 (B) 13
(C) 22 (D) 20

**Direction (11 - 15) Read the following passage and answer the given questions.**

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

जाती हुई धूप संध्या की सेंक रही है मां
अपना अप्रासंगिक होना देख रही है मां
भरा हुआ घर है नाती-पोतों से, बच्चों से
अनबोला बहुओं का बोले बंद खिड़कियों से
इधर-उधर उड़ती सी नज़रें फेंक रही है मां
फूली सरसों नहीं रही अब खेतों में मन के
पिता नहीं हैं, अब नस-नस क्या कंगना सी खनकें
रस्ता थकी हुई यादों का छेंक रही है मां
बुझी बुझी आंखों ने
पर्वत से दिन काटे हैं
कपड़े नहीं अलगनी पर
फैले सन्नाटे हैं
इधर-उधर उड़ती सी नजरें
फेंक रही है मां

**Q11** निम्न में से कविता का उचित शीर्षक होगा -

(A) भरा हुआ घर (B) धूप
(C) माँ (D) याद

**Q12** निम्न में माँ क्या देख रही है?

(A) धूप (B) नाती-पोते
(C) अप्रासंगिक होना (D) बहुएँ (वृद्धावस्था की तरफ बढ़ना)

**Q13** 'फूली सरसों नहीं रही' से अभिप्राय है-

(A) वृद्धावस्था की कठिनाई
(B) उमंग का भाव
(C) मन का उल्लास से भरना
(D) मन में उल्लास का समाप्त होना

**Q14** **रस्ता थकी हुई यादों का**' से अभिप्राय है-

(A) यादों को भुलाना (B) स्मृतियों का घिर जाना
(C) याद को रास्तो पर रखना (D) याद करना

**Q15** कविता का मूल भाव क्या है?

(A) कवि की स्मृतियाँ
(B) माँ की स्मृतियाँ
(C) माँ का जीवन के ढलान पर जीवन-यापन करना
(D) वृद्ध माँ की स्मृतियों में खुद को खोना

**Q16** मेरा विश्वाश है कि

I. जिस चीज में मनुष्य के प्यारे हाथ लगते हैं
II. और मन कि पवित्रता
III. उसमे उसके ह्रदय का प्रेम
IV. सूक्ष्म रूप में मिल जाती है
उसमे मुर्दे को जिन्दा करने कि शक्ति आ जाती है।

(A) I, II, III, IV (B) II, IV, III, I
(C) III, IV, I, II (D) IV, II, I, III

**Q17** निम्न में कौन-सा शब्द ' नदी' का पर्यायवाची नहीं है?

(A) अपरा (B) प्रवाहिनी
(C) सरिता (D) कासार

**Q18** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द शुद्ध है?

(A) अतिशयोक्ति (B) अतिश्योक्ति
(C) अतशयोक्ति (D) अत्यश्योक्ति

**Q19** निम्नलिखित मुहावरों का सही अर्थ से मिलान कीजिए:

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (A) आँखे दिखाना | (I) बहुत प्रेम करना |
| (B) दाँत खट्टे करना | (II) डाँटना या धमकी देना |
| (C) आँखों का तारा | (III) पराजित करना |
| (D) नौ-दो ग्यारह होना | (IV) भाग जाना |

(A) A-I, B-II, C-III, D-IV
(B) A-I, B-III, C-IV, D-II
(C) A-I, B-II, C-III, D-IV
(D) A-II, B-III, C-I, D-IV

**Q20** नीचे दिए गए शब्दों के विपरीतार्थक शब्द (विकल्पों में आए शब्दों से) चुनकर सही उत्तर के विकल्य को चिहित करें।
असीम
(A) अनन्त (B) ससीम
(C) सुसीम (D) निकट

**Q21** दिए गए वाक्य के लिए शुद्ध वाक्य चुनिए तथा (A),(B),(C),(D) में से सही विकल्प का चयन कीजिए।
मुझे फल आम का अच्छा लगता है।
(A) मुझे आम अच्छा लगता है।
(B) मुझे अच्छा लगता आम है।
(C) मुझे आम का फल अच्छा लगता है।
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

**Q22** जो कलम तुम्हारे पास है वह मेरी है।
(A) मिश्रित (B) सरल
(C) संयुक्त (D) विस्मयादिबोधक

**Q23** उपराष्ट्रपति' शब्द में किस उपसर्ग का प्रयोग है?
(A) उप (B) पति
(C) राष्ट्र (D) उपर

**Q24** जहाँ पूर्ण विराम की अपेक्षा कम रुकना अपेक्षित हो, वहाँ किस चिह्न का प्रयोग किया जाता है।
(A) अर्द्ध विराम (B) अल्प विराम
(C) संक्षेप चिह्न (D) कोष्ठक

**Q25** मुहावरे और उनके अर्थ का मिलान करें:

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| (A) खून पसीना एक करना | (I) परेशान करना |
| (B) नाक में दम करना | (II) बहुत मेहनत करना |
| (C) पानी-पानी होना | (III) शर्मिंदा होना |
| (D) आँखें फेरना | (IV) मुँह मोड़ लेना |

(A) A-II, B-I, C-III, D-IV
(B) A-I, B-II, C-III, D-IV
(C) A-IV, B-II, C-I, D-III
(D) A-III, B-II, C-IV, D-I

**Q26** निम्न में से कौन-सा पर्यायवाची शब्द-युग्म सही नहीं है?
(A) कमल-मृणाल (B) गाय-द्विज
(C) आकाश-अभ्र (D) ओस-नीहार

**Q27** शुद्ध वाक्य का चयन कीजिये-
(A) भारत में अनेक जाति है।
(B) भारत में अनेकों जाति हैं।
(C) भारत में अनेक जातियाँ हैं।
(D) भारत में अनेकों जातियां हैं।

**Q28** 'मूल से सम्बन्धित' के लिए एक शब्द क्या होगा?
(A) मौलिक
(B) त्वरित
(C) लिपि
(D) इनमे से कोई नहीं

**Q29** अल्पविराम का प्रयोग किस स्थिति में नहीं किया जाता है?
(A) वाक्य के भीतर एक ही प्रकार के शब्दों को अलग करने के लिए
(B) शब्दों के युग्म बनाने के लिए
(C) समय सूचक शब्दों को अलग करने के लिए
(D) पत्र में अभिवादन और समापन के साथ

**Q30** दिए गए विकल्पों में से **किस भाषा को 'पिंगल'** नाम दिया गया?
(A) अवधी (B) ब्रजभाषा
(C) गुजराती (D) भोजपुरी

**Q31** 'घड़ों पानी पडना ' मुहावरे का अर्थ है
(A) बहुत लज्जित होना
(B) क्षमा माँगना
(C) घबरा जाना
(D) गर्मी के कारण पसीना आना

**Q32** निम्नलिखित प्रश्न में वाक्यांशों/अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द के लिए चार-चार विकल्प दिए गए हैं। इनमें से कोई एक विकल्प सही है, आपको सही विकल्प चुनना है, वही आपका उत्तर होगा।
आधी रात का समय
(A) शर्वरी (B) विभावरी
(C) निशा (D) निशीथ

**Q33** 'आस टूट गई जिसकी' उसके लिए शब्द है: -
(A) हताश (B) साहसी
(C) धैर्यवान (D) लक्ष्यभ्रष्ट

**Q34** 'जिस भूमि को जोता न जा सके' के लिए एक शब्द क्या होगा?
(A) अप्रतिहत (B) उर्वर
(C) अनुर्वर (D) समतल

**Q35** निम्न में कौन-सा शब्द अशुद्ध है?
(A) सार्थक (B) निरुपाय
(C) जर्जरीत (D) पारगम्य

**Q36** 'सींग' कैसा शब्द है ?

(A) तत्सम (B) तद्भव
(C) देशज (D) यौगिक

**Q37** रचना की दृष्टि से साधारण वाक्य है-
(A) भिखारी लोगों से भीख माँगता रहा।
(B) श्याम पढ़ता रहा, परन्तु रमेश सोता रहा।
(C) किसान अपने खेत में था और मजदूर काम कर रहा था।
(D) नेहा अभिलाष की बड़ी बहिन है जो कक्षा चार में पढ़ती है।

**Q38** **निम्न में से किस विकल्प में सही वाक्य पदक्रम है-**
(A) **चोर दोपहर में ही महल में घुस गया**
(B) **चोर महल में दोपहर में ही घुस गया**
(C) उपर्युक्त **दोनों ही नहीं**
(D) उपर्युक्त **दोनों ही नहीं**

**Q39** नीचे दिये गए शब्दों के विपरीतार्थक शब्द (विकल्पों में आये शब्दों से) चुनकर सही उत्तर के विकल्प को चिन्हित करें।
अर्वाचीन
(A) नवीन (B) प्राचीन
(C) आदिकालीन (D) पाषाणकालीन

**Q40** निम्नलिखित शब्द शब्दों मे से **"आँख मिचौनी** "शब्द में प्रत्यय है -
(A) इचौन (B) मिचौन
(C) चौनी (D) औनी

**Q41** "बच्चा गया" इस वाक्य में प्रयुक्त काल पहचानें।
(A) सामान्य वर्तमान काल
(B) भविष्यकाल
(C) सामान्य भूतकाल
(D) संदिग्ध वर्तमान काल

**Q42** निम्न में से **आवरण का विपरी**तार्थक क्या होगा |
(A) ओहार
(B) परदा
(C) आच्छादन
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

**Q43** 'अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ता' का अर्थ है
(A) अकेला व्यक्ति बेकार होता है
(B) अकेला व्यक्ति लड़ नहीं सकता
(C) अकेले कोई बड़ा काम करना सम्भव नहीं
(D) चने से भाड़ नहीं फूटता

**Q44** **वाक्य में पदक्रम का सबसे साधारण नियम है-**
(A) पहले क्रिया-फिर कर्म-फिर कर्ता
(B) पहले कर्म-फिर क्रिया-फिर
(C) पहले कर्ता-फिर कर्म-फिर क्रिया
(D) **कोई नहीं**

**Q45** इनमें से कौन सा शब्द "काल " का अनेकार्थक शब्द नहीं हैं -
(A) मृत्यु (B) समय
(C) अवसर (D) इच्छा

**Q46** 'हवन की सामग्री' के लिए एक शब्द क्या होगा?
(A) छवि (B) हवि
(C) कुण्ड (D) रवि

**Q47** जहाँ वाक्य की गति अन्तिम रूप ले ले, विचार के तार एकदम टूट जाएँ, वहाँ किस चिह्न का प्रयोग किया जाता है?
(A) योजक (B) उद्धरण चिह्न
(C) अल्प विराम (D) पूर्ण विराम

**Q48** शुद्ध शब्द कौन-सा है?
(A) प्रतिस्पर्धा (B) प्रतिर्स्पद्धा
(C) प्रतिस्पद्धा (D) प्रतिस्पर्दा

**Q49** निम्न वाक्यों में सही पदक्रम किसका है-
(A) महात्मा गांधी का देश सदा आभारी रहेगा
(B) देश महात्मा गांधी का सदा आभारी रहेगा
(C) आभारी रहेगा देश सदा महात्मा गांधी का
(D) देश आभारी रहेगा सदा महात्मा गांधी का

**Q50** 'अधिपति' शब्द में किस उपसर्ग का प्रयोग हुआ है?
(A) अधि (B) अदि
(C) अद् (D) अद्य

# Answer Key

| | |
|---|---|
| Q1 | B |
| Q2 | C |
| Q3 | A |
| Q4 | C |
| Q5 | D |
| Q6 | B |
| Q7 | D |
| Q8 | B |
| Q9 | D |
| Q10 | C |
| Q11 | C |
| Q12 | C |
| Q13 | D |
| Q14 | B |
| Q15 | C |
| Q16 | A |
| Q17 | A |
| Q18 | A |
| Q19 | D |
| Q20 | B |
| Q21 | A |
| Q22 | A |
| Q23 | A |
| Q24 | A |
| Q25 | A |
| Q26 | B |
| Q27 | C |
| Q28 | A |
| Q29 | B |
| Q30 | B |
| Q31 | A |
| Q32 | D |
| Q33 | A |
| Q34 | A |
| Q35 | C |
| Q36 | B |
| Q37 | A |
| Q38 | A |
| Q39 | B |
| Q40 | D |
| Q41 | C |
| Q42 | D |
| Q43 | C |
| Q44 | C |
| Q45 | D |
| Q46 | B |
| Q47 | D |
| Q48 | A |
| Q49 | B |
| Q50 | A |

# Hints & Solutions

Note: scan the QR code to watch video solution

**Q1. Text Solution:**

जब एक दल की केंद्र में सरकार थी तो राज्य सरकारों के अधिकारों का 'अवहेलना' करतीं थीं।

गद्यांश में–

आजादी के बाद एक लंबे समय तक भारत के ज्यादातर हिस्सों में केंद्र और राज्य में एक ही पारी की सरकार हुआ करती थी। उन दिनों भारत में कांबोस की मोनोपॉली चलती थी। इन दिनों में कैंद्र सरकार अक्सर राज्य सरकार के अधिकारों की अवहेलना करती थी।

अत: सही विकल्प **'B'** है |

**Q2. Text Solution:**

**भारतीय संघ की दूसरी परीक्षा 'भाषा-नीति' थी।**

गद्यांश में–

भारतीय संघ की दूसरी परीक्षा थी यहाँ की भाषा नीति। हमारे संविधान ने किसी भी भाषा को राष्ट्र भाषा का दर्जा नहीं दिया है। हिंदी को आधिकारिक भाषा के रूप में मान्यता मिली। लेकिन हिंदी केवल 40 % भारतीयों की मातृभाषा है।

अत: सही विकल्प **'C'** है |

**Q3. Text Solution:**

**आज़ादी के बाद लंबे समय तक केंद्र और अधिकांश राज्यों में 'एक' दल की सरकार चली।**

गद्यांश में–

आजादी के बाद एक लंबे समय तक भारत के न्यादातर हिस्सों में केंद्र और राज्य में एक ही पारी की सरकार हुआ करती थी। उन दिनों भारत में कांबोस की मोनोपॉली चलती थी।

अत: सही विकल्प **'A'** है |

**Q4. Text Solution:**

**हमारे देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था की पहली कड़ी परीक्षा 'भाषावार राज्यों के गठन के समय' हुई।**

गद्यांश में–

हमारे देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था की पहली कड़ी परीक्षा तब हुई जब भाषा पर आधारित राज्यों का गठन हुआ। ऐसा इसलिये किया गया ताकि एक ही भाषा बोलने वाले लोग एक ही राज्य में रह सकें।

अत: सही विकल्प **'C'** है |

**Q5. Text Solution:**

**हिंदी को 'आधिकारिक भाषा' के रूप में मान्यता मिली।**

गद्यांश में–

हिंदी को आधिकारिक भाषा के रूप में मान्यता मिली। लेकिन हिंदी केवल 40 % भारतीयों की मातृभाषा है। इसलिये दूसरी आाषाओं की रक्षा के लिये कई प्रावधान बनाये गये। हिंदी के अलावा, 21 अन्य आषाओं को संविधान द्वारा अनुसचित भाषा का दर्जा दिया गया है।

अत: सही विकल्प **'D'** है |

**Q6. Text Solution:**

**राज्य सरकार द्वारा जरा-सी स्वग्रहिता दिखाने पर राज्यों के साथ 'राष्ट्रपति शासन लागू' होता था।**

गद्यांश में–

राज्य सरकार द्वारा जरा-सी भी स्वग्रहिता दिखाने पर कई राज्यों पर राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया जाता था।

अत: सही विकल्प **'B'** है |

**Q7. Text Solution:**

**भूगोल, जातीयता, संस्कृति, आदि के आधार पर इनमें से 'उपर्युक्त सभी' राज्यों का गठन हुआ।**

**गद्यांश में–**

कुछ राज्यों का गठन भाषा के आधार पर नहीं बल्कि भूगोल, जातीयता, संस्कृति, आदि के आधार पर हुआ; जैसे नागालैंड, उत्तराखंड और झारखंड। भारतीय संघ की दूसरी परीक्षा थी यहाँ की भाषा नीति।

अत: सही विकल्प **'D'** है |

**Q8. Text Solution:**

केंद्र-राज्य संबंध से अभिप्राय किसी लोकतांत्रिक राष्ट्रीय-राज्य में संघवादी केंद्र और उसकी इकाइयों के बीच के आपसी संबंध से होता है। विश्व भर में लोकतंत्र के उदय के साथ राजनीति में केंद्र-राज्य संबंधों को एक नई परिभाषा मिली है।

भारत में स्वतंत्रता उपरांत केंद्र-राज्य संबंध का मसला अत्याधिक संवेदनशील मामला रहा है। विषय चाहे अलग भाषाओं की पहचान, असमान विकास, राज्यों के गठन का हो, पुनर्गठन का हो या फिर विशेष राज्य का दर्जा देने से जुड़ा हो। ये सब केंद्र-राज्य संबंधों की सीमा में आते हैं। इनके अलावा देश में शिक्षा, व्यापार जैसे विषयों पर नीति निर्माण के सवाल उठने पर भी

उसके केन्द्र में है केंद्र और राज्य के बीच में इनको लेकर क्या आपसी समझ है, यही महत्त्वपूर्ण होता है।
भारतीय सविधान में भारत को 'राज्यों का संघ' कहा गया है न कि संघवादी राज्य। भारतीय संविधान में विधायी, प्रशासिनिक और वित्तीय शक्तियों का सुस्पष्ट बंटवारा केंद्र और राज्यों के बीच किया है।
1989 के बाद से केंद्र में गठबंधन सरकार का दौर चला। इसके परिणामस्वरूप राज्य सरकार की स्वायतता के सम्मान और सता में साझेदारी की नई परिपाटी शुरु हुई। ऐसा कहा जा सकता है कि अब भारत में संधीय व्यवस्था कहीं अधिक प्रबल हुई है।
**केंद्र और राज्य के बीच के रिश्तों के पुनर्गठन से हमारी संघीय व्यवस्था को और बल मिला है।**
**अत: प्रश्न का सही उत्तर विकल्प 'B' है |**

**Q9. Text Solution:**
हमारे देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था की पहली कड़ी परीक्षा तब हुई जब आषा पर आधारित राज्यों का गठन हुआ। ऐसा इसलिये किया गया ताकि एक ही भाषा बोलने वाले लोग एक ही राज्य में रह सकें। कुछ राज्यों का गठन भाषा के आधार पर नहीं बल्कि भूगोल, जातीयता, संस्कृति, आदि के आधार पर हुआ; जैसे नागालैंड, उत्तराखंड और झारखंड। भारतीय संघ की दूसरी परीक्षा थी यहाँ की भाषा नीति। हमारे संविधान ने किसी भी भाषा को राष्ट्र भाषा का दर्जा नहीं दिया है। हिंदी को आधिकारिक भाषा के रूप में मान्यता मिली। लेकिन हिंदी केवल 40 % भारतीयों की मातृभाषा है। इसलिये दूसरी आाषाओं की रक्षा के लिये कई प्रावधान बनाये गये। हिंदी के अलावा, 21 अन्य आषाओं को संविधान द्वारा अनुसचित भाषा का दर्जा दिया गया है। आजादी के बाद के अधिकांश समय में हिंदी को गैर-हिंदी क्षेत्रों में थोपे जाने की कोशिश नही की गई।
अत: प्रश्न का सही उत्तर विकल्प **'D'** है |

**Q10. Text Solution:**
1991 की जनगणना के अनुसार भारत में 1500 अलग-अलग भाषाएँ हैं। इन भाषाओं को कुछ मुख्य भाषाओं के सम्ह में रखा गया है। उदाहरण के लिये भोजपुरी, मगधी, बुंदेलखंडी, छतीसगढ़ी, राजस्थानी, भीली और कई अन्य भाषाओं को हिंदी के समूह में रखा गया है। विभिन्न भाषाओं के समूह बनाने के बाद भी भारत में 114 मुख्य भाषाएँ है। इनमें से 22 भाषाओं को संविधान के आठवें अनुच्छेद में अनुसूचित भाषाओं की लिस्ट में रखा गया है। अन्य भाषाओं को अ-अनुसूचित भाषा कहा जाता है।
निम्नलिखित 22 भाषाएं संविधान की 8वीं अनुसूची में सूचीबद्ध हैं :

- असमिया
- बंगाली
- गुजराती
- हिन्दी
- कन्नड़
- कश्मीरी
- कोंकणी
- मलयालम
- मणिपुरी
- मराठी
- नेपाली

अत: सही विकल्प **'C'** है |

**Q11. Text Solution:**
प्रस्तुत कविता में कवि माँ के मानसिक स्तिथि के विषय में बात कर रहा है, कविता की केंद्र बिंदु माँ है
**अत: कविता का शीर्षक 'माँ' सबसे उपयुक्त रहेगा।**
**अत: विकल्प (C) सही है |**

**Q12. Text Solution:**
माँ अपना अप्रासंगिक होना देख रही है। प्रासंगिक होना (वृद्धावस्था की तरफ बढ़ना)
**अत: विकल्प C सही है |**

**Q13. Text Solution:**
प्रस्तुत पंक्ति **'फूली सरसों नहीं रही' से कवि का अभिप्राय है कि माँ के मन में उल्लास समाप्त** हो गया है। **फूली सरसों नहीं रही अब खेतों में मन के पिता नहीं हैं,**
**अत: विकल्प (D) सही है |**

**Q14. Text Solution:**
**पंक्ति 'रस्ता थकी हुई यादों का'** से कवि का आशय स्मृतियों के घिर जाने से है।
**अत: विकल्प (B) सही है |**

**Q15. Text Solution:**
कविता का मूल भाव 'माँ' का जीवन के ढलान पर जीवन यापन करने से है।
**अत: विकल्प C सही है |**

**Q16 Text Solution:**

I, II, III, IV

**अत: विकल्प A सही है |**

मेरा विश्वाश है किI. जिस चीज में मनुष्य के प्यारे हाथ लगते हैंII. और मन कि पवित्रता III. उसमे उसके हृदय का प्रेम V. सूक्ष्म रूप में मिल जाती है उसमे मुर्दे को जिन्दा करने कि शक्ति आ जाती है।

**Q17 Text Solution:**

**अपरा**

**अपरा- नदी' का पर्यायवाची नहीं है|**

अपरा का पर्यायवाची - -सांसारिक विद्या,| लौकिक विद्या , प्राकृतिक विद्या , पराविद्या आदि होते हैं |

अत: विकल्प A सही है |

**Q18 Text Solution:**

उत्तर :**अतिशयोक्ति**

**शुद्ध वर्तनी का अर्थ है – शब्दों में मात्राओं का सही प्रयोग करके सही शब्द लिखना। जैसे- अकाश – आकाश, इद – ईद, उष्मा- ऊष्मा आदि।**

**अत: विकल्प A सही है |**

**Q19 Text Solution:**

**उत्तर D:-** A-II, B-III, C-I, D-IV

- **आँखे दिखाना**: डाँटना या धमकी देना।
- **दाँत खट्टे करना**: पराजित करना।
- **आँखों का तारा**: बहुत प्रेम करना।
- **नौ-दो ग्यारह होना**: भाग जाना।

अत: विकल्प D सही है |

**Q20 Text Solution:**

**सही उत्तर ससीम होगा** असीम का विपरीतार्थक शब्द

**अत: विकल्प B सही है |**

**Q21 Text Solution:**

उपरोक्त में '**मुझे आम अच्छा लगता है**।' शुद्ध वाक्य रूप है। अन्य सभी विकल्प में वाक्य अशुद्ध हैं।

अत: यहाँ विकल्प (A) सही है।

**Q22 Text Solution:**

वाक्य "जो कलम तुम्हारे पास है वह मेरी है।" का प्रकार है:

**A. मिश्रित**

यह वाक्य मिश्रित वाक्य का उदाहरण है क्योंकि इसमें एक सशर्त या सापेक्षीय उपवाक्य (जो कलम तुम्हारे पास है) और मुख्य वाक्य (वह मेरी है) दोनों शामिल हैं।

अत: विकल्प A सही है |

**Q23 Text Solution:**

उपराष्ट्रपति' शब्द में उप उपसर्ग का प्रयोग है

उप उपसर्ग से बने अन्य शब्द -उपहार ,उपवन ,उपरोक्त |

**अत: विकल्प A सही है |**

**Q24 Text Solution:**

अर्द्ध विराम (;) का प्रयोग तब किया जाता है जब वाक्य में पूर्ण विराम की अपेक्षा कम रुकना अपेक्षित होता है। यह मुख्य रूप से तब उपयोग होता है जब दो या दो से अधिक समकक्ष वाक्यांशों या वाक्यों को जोड़ना हो, जिनमें पूर्ण विराम से अधिक रुकावट न हो।

उदाहरण के लिए:

- "वह पढ़ाई में अच्छा है; उसकी मेहनत रंग लाई।"

इसमें अर्द्ध विराम का प्रयोग दोनों विचारों के बीच एक नाजुक रुकावट को दर्शाता है।

अन्य विकल्पों का उपयोग इस संदर्भ में सही नहीं होगा:

- **अल्प विराम (B)** का प्रयोग कम रुकने के लिए होता है, लेकिन इसकी गति अधिक होती है।
- **संक्षेप चिह्न (C)** और **कोष्ठक (D)** का प्रयोग अलग उद्देश्य के लिए किया जाता है।

**अत: सही विकल्प A है |**

**Q25 Text Solution:**

**उत्तर A:- A-II, B-I, C-III, D-IV**

- **खून पसीना एक करना**: बहुत मेहनत करना।
- **नाक में दम करना**: परेशान करना।
- **पानी-पानी होना**: शर्मिंदा होना।
- **आँखें फेरना**: मुँह मोड़ लेना।

अत: विकल्प A सही है |

**Q26 Text Solution:**

उत्तर :B

पर्यायवाची शब्द-युग्म सही नहीं है- गाय-द्विज।

**स्पष्टीकरण-**

गाय का पर्यायवाची- गाय, धेनु, सुरभि, माता, कल्याणी, पयस्विनी, गौ।

द्विज के अनेकार्थी शब्द- ब्राह्मण, दाँत, अंडज, पक्षी, चन्द्रमा, पक्षी आदि।

**अत: सही विकल्प 'B' है |**

**Q27 Text Solution:**

- **A. भारत में अनेक जाति है।**
  - "जाति" का बहुवचन "जातियाँ" होना चाहिए, और "है" की बजाय "हैं" का प्रयोग होना चाहिए।
- **B. भारत में अनेकों जाति हैं।**
  - "जाति" का बहुवचन "जातियाँ" होना चाहिए।
- **C. भारत में अनेक जातियाँ हैं।**
  - यह वाक्य सही है। "अनेक जातियाँ" और "हैं" का प्रयोग सही ढंग से किया गया है।
- **D. भारत में अनेकों जातियां हैं।**
  - "अनेकों" शब्द का प्रयोग भी सही है, लेकिन "जातियां" की जगह "जातियाँ" होना चाहिए।

**अतः सही विकल्प C है |**

**Q28 Text Solution:**

'मूल से सम्बन्धित' के लिए एक शब्द क्या होगा- मौलिक।

**वाक्यांश के लिए एक शब्द-**

वह शब्द जो कम से कम शब्दों के प्रयोग से अधिक से अधिक शब्द-समूह को अभिव्यक्त करते है, उन्हें 'अनेक शब्दों के लिए एक शब्द' कहते है।

अतः विकल्प A सही है |

**Q29 Text Solution:**

अल्पविराम का प्रयोग वाक्य के भीतर एक ही प्रकार के शब्दों को अलग करने, समय सूचक शब्दों को अलग करने, और पत्र में अभिवादन और समापन के साथ किया जाता है। लेकिन शब्दों के युग्म (जोड़ने) बनाने के लिए आमतौर पर अल्पविराम का प्रयोग नहीं किया जाता है।

उदाहरण के लिए, "राम और श्याम" में "और" के लिए अल्पविराम का प्रयोग नहीं होता।

**अतः सही विकल्प B है |**

**Q30 Text Solution:**

पिंगल नाम **ब्रजभाषा को दिया** गया है।

ब्रजभाषा **राजस्थानी मिश्रित भाषा होती है।**

पिंगल शैली में श्रृंगार प्रधान रचनाएं अधिक रची गईं।

पिंगल और डिंगल दोनों ही शैलियों के नाम हैं।

**विकल्प (B) ब्रजभाषा सही उत्तर है।**

**Q31 Text Solution:**

उत्तर :A

घड़ों पानी पड़ना - बहुत लज्जित होना

रोशनी पड़ोसी के संग **बतियाते रंगे हाथ पकड़ी गयीं तो उनके ऊपर घड़ों पानी पड़ गया।**

अतः विकल्प A सही है |

**Q32 Text Solution:**

**सही उत्तर है - D**

**निशीथ - रात्रि का समय, रात की अंधेरी भाग, आधी रात।**

**अतः विकल्प D सही है |**

**Q33 Text Solution:**

उत्तर :A

**'आस टूट गई जिसकी' उसके लिए शब्द है– हताश।**

**अतः विकल्प A सही है |**

**Q34 Text Solution:**

उत्तर :A

जिस भूमि को जोता न जा सके' के लिए एक शब्द क्या होगा- अप्रतिहत।

वह शब्द जो कम से कम शब्दों के प्रयोग से अधिक से अधिक शब्द-समूह को अभिव्यक्त करते है, उन्हें 'अनेक शब्दों के लिए एक शब्द' कहते है।

अतः विकल्प A सही है |

**Q35 Text Solution:**

निम्न में अशुद्ध शब्द है- जर्जरीत

**स्पष्टीकरण-**

**जर्जरीत का अशुद्ध शब्द- जर्जरित**

**वर्तनी–**वर्तनी शब्द का अर्थ होता है पीछे पीछे चलना या अनुसरण करना । भाषा स्तर पर वर्तनी शब्दों के ध्वनियों के पीछे पीछे चलती है और वर्तनी शब्द विशेष के लेखन में उस शब्द की एक-एक करके आने वाली ध्वनियों के लिपि चिन्ह निर्धारित करती है ।लिखते समय कई बार हम लोगों से वर्तनी संबंधी अशुद्धियां हो जाती हैं।

अतः विकल्प C सही है |

**Q36 Text Solution:**

सींग तद्भव शब्द है

- 'सींग' का तत्सम शब्द- **शृंग**

**तद्भव शब्द–** तत्सम शब्दों का बिगड़ा हुआ रूप तद्भव कहलाता है।

अतः विकल्प B सही है |

**Q37 Text Solution:**

रचना की दृष्टि से साधारण वाक्य है:

**A. भिखारी लोगों से भीख माँगता रहा।**

यह एक साधारण वाक्य है क्योंकि इसमें केवल एक ही विचार व्यक्त किया गया है। अन्य विकल्प मिश्रित या संयुक्त वाक्य हैं।

अतः विकल्प A सही है |

**Q38 Text Solution:**

सही वाक्य पदक्रम है- चोर दोपहर में ही महल में घुस गया
**अत: विकल्प (A) सही है |**

**Q39 Text Solution:**

उत्तर :B
अर्वाचीन का विपरीतार्थक शब्द होगा- प्राचीन।
अत: विकल्प B सही है |

**Q40 Text Solution:**

**आँख मिचौनी में औनी प्रत्यय है**
**प्रत्यय उपसर्गों की तरह अविकारी शब्दांश है परंतु ये शब्द के अंत में जोड़े जाते हैं |**
**अत: विकल्प D) सही है |**

**Q41 Text Solution:**

वाक्य **"बच्चा गया"** में **सामान्य भूतकाल** का प्रयोग किया गया है।
**सामान्य भूतकाल** उस क्रिया को दर्शाता है जो पहले हो चुकी है। वाक्य में "गया" शब्द से यह स्पष्ट है कि बच्चा पहले कहीं जा चुका है, इसलिए यह भूतकाल का उदाहरण है।
**अत: सही विकल्प C है |**

**Q42 Text Solution:**

जो शब्द एक दूसरे के विपरीत या उल्टा अर्थ बताएं ऐसे शब्दों को विलोम या विपरीतार्थक शब्द कहते हैं |
**जैसे :-सुबह -शाम ,आरंभ -अंत ,पाप ,पुण्य ,नागर -ग्राम्य ,विक्रय -क्रय ,गुप्त -प्रकट ,गौण -प्रमुख ,आवरण का विपरीतार्थक निरावरण होगा |**
**आवरण का पर्यायवाची ओहार ,परदा ,आच्छादन होगा |**
**अत: विकल्प (D) सही है |**

**Q43 Text Solution:**

विकल्प C का अर्थ है "अकेले कोई बड़ा काम करना सम्भव नहीं"।
अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता मुहावरे का अर्थ – **अकेला व्यक्ति बड़ा काम नहीं कर सकता**, अकेला मनुष्य अपने दम पर किसी बड़े काम को अंजाम नहीं दे सकता, कोई बड़ा कार्य करने के लिए सहयोग और संगठन की आवश्यकता होती है|
**अत: विकल्प C सही है |**

**Q44 Text Solution:**

वाक्य में पदक्रम का सबसे साधारण नियम है-
**अत: विकल्प C सही है |**
**पहले कर्ता-फिर कर्म-फिर क्रिया**

**Q45 Text Solution:**

काल का अनेकार्थक “इच्छा “शब्द नहीं है |
स्पष्टीकरण -
ऐसे शब्द जिनकें अनेक अर्थ निकले उसे **अनेकार्थक** शब्द कहते हैं किसी विशेष स्थिति ,प्रसंग ,पात्र एवं स्थान आदि के कारण उस शब्द के अर्थ बदल जाते हैं जैसे -
काल का अनेकार्थक -मृत्यु ,समय ,अवसर और यमराज |
काल का अनेकार्थक इच्छा नहीं है इच्छा का अनेकार्थक अपेक्षा ,आवश्यकता ,आशा आदि
**अत: विकल्प D सही है |**

**Q46 Text Solution:**

उत्तर :(B)
'हवन की सामग्री' के लिए एक शब्द क्या होगा--हवि।
वह शब्द जो कम से कम शब्दों के प्रयोग से अधिक से अधिक शब्द-समूह को अभिव्यक्त करते है, उन्हें ‘अनेक शब्दों के लिए एक शब्द’ कहते है।
अत: विकल्प B सही है |

**Q47 Text Solution:**

पूर्ण विराम का प्रयोग तब किया जाता है जब वाक्य की गति पूरी तरह से समाप्त हो जाती है और विचार के तार एकदम टूट जाते हैं। यह चिह्न यह दर्शाता है कि वाक्य का अर्थ समाप्त हो गया है और आगे कुछ नहीं जोड़ा जाएगा।
अन्य विकल्पों के अर्थ:

- **A) योजक:** यह चिह्न वाक्यों या वाक्यांशों को जोड़ने के लिए प्रयोग किया जाता है।
- **B) उद्धरण चिह्न:** इसका प्रयोग किसी व्यक्ति के शब्दों को उद्धृत करने के लिए किया जाता है।
- **C) अल्प विराम:** यह वाक्य में थोड़ी रुकावट दिखाने के लिए प्रयोग होता है, लेकिन वाक्य को समाप्त नहीं करता। **अत: सही विकल्प D है |**

**Q48 Text Solution:**

शुद्ध शब्द कौन-सा है- प्रतिस्पर्धा
**स्पष्टीकरण-**
**वर्तनी–व**र्तनी शब्द का अर्थ होता है पीछे पीछे चलना या अनुसरण करना । भाषा स्तर पर वर्तनी शब्दों के ध्वनियों के पीछे पीछे चलती है और वर्तनी शब्द विशेष के लेखन में उस शब्द की एक-एक करके आने वाली ध्वनियों के लिपि चिन्ह निर्धारित करती है ।लिखते समय कई बार हम लोगों से वर्तनी संबंधी अशुद्धियां हो जाती हैं।
अत: विकल्प A सही है |

**Q49 Text Solution:**

देश महात्मा गांधी का सदा आभारी रहेगा , अन्य विकल्प क्रम से नहीं है |

**अत: विकल्प (B) उचित है**

**Q50 Text Solution:**

'अधिपति' में उपसर्ग

दिए गए विकल्पों में से **'अधिपति'** शब्द **'अधि'** उपसर्ग से बना है। अन्य विकल्प इसके उचित उत्तर नहीं हैं।

- अधिपति = अधि+ पति
- 'अधि' उपसर्ग से बनने वाले अन्य शब्द - अधिपति, अधिनायक , अधिगमन आदि

अत: विकल्प A सही है |

Android App | iOS App | PW Website